# आदेश

डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद द्वार पत्र सं0 3013 दिनांक 29.01.2025 के माध्यम से केन्द्रीय विहार–2, अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु अधोहस्ताक्षरी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसके कम में कार्यालय पत्र सं0 345 दिनांक 18.06.2025 के द्वारा निर्वाचन कार्यकम एवं पत्र सं0 445 दिनांक 05.07.2025 के द्वारा संशोधित निर्वाचन कार्यकम जारी किया गया था।

संशोधित निर्वाचन कार्यकम के अनुसार दिनांक 08.07.2025 से 10.07.2025 तक नामांकन फॉर्म दिया एवं भरे हुए नामांकन पत्र जमा किये जाने हेतु निर्धारित है।

अतः अधोहस्ताक्षरी के सहयोग हेतु गठित निर्वाचन समिति को निर्देशित किया जाता है कि वू आपस में समन्वय कर ए0ओ0ए0 कार्यालय में बैठकर इच्छुक व्यक्ति को नामांकन पत्र देना सुनिश्चित करेंगे एवं नामांकन की अन्तिम तिथि 10.07.2025 को नामांकन पत्र जमा करने के उपरान्त दिनांक 11.07.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक समस्त नामांकन पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिन व्यक्तियों को नामांकन पत्र दिया जाये उनका नाम व पता एक रजिस्टर में भी अंकित किया जाये।

नामांकन कार्य सी सी हॉल, ग्राउन्ड फलोर में किया जायेगा।

**संलग्नकः– नामांकन पत्र**

निर्वाचन अधिकारी/
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
गौतमबुद्धनगर

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक 456/अधि0अभि0/निर्वाचन/2025–26 दिनांक– 08.07.2025

**प्रतिलिपि** निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
3. डिप्टी रजिस्ट्रार, सोसाईटीज, चिट्स फण्ड, गाजियाबाद।
4. कालातीत/कार्यरत अध्यक्ष/सचिव, केन्द्रीय विहार–2, सेक्टर–82, नोएडा को इस निर्देश के साथ कि पत्र को My gate app, वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही नामांकन पत्र का प्रिन्ट निकालकर निर्वाचन समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं सी सी हॉल, ग्राउन्ड फलोर में कुर्सी, मेज इत्यादि की भी व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।
5. निर्वाचन समिति, केन्द्रीय विहार–2, सेक्टर–82, नोएडा।

निर्वाचन अधिकारी/
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
गौतमबुद्धनगर

CamScanner